Daily Current Affairs 14 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 11 नवंबर को मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
• प्रतिवर्ष 11 नवंबर को स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2008 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। शिक्षा के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से देश के शैक्षणिक संस्थान इस दिन सेमिनार, निबंध-लेखन, कार्यशालाओं आदि का आयोजन करते हैं।

2. भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में वालोंग मेला का किया आयोजन
• 10 नवंबर, 2022 को भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में वालोंग की लड़ाई के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर वालोंग मेला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य वर्ष 1962 के चीनी आक्रमण के खिलाफ भारतीय क्षेत्र की रक्षा करते हुए भारतीय सेना की नायाब बहादुरी और बलिदान को याद करना है। मेले का उद्देश्य जनता को भारतीय सेना से परिचित कराना और अपनेपन और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करना था। मेले का उद्देश्य जनता को भारतीय सेना से परिचित कराना और अपनेपन और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करना था।

3. भोपाल रेलवे स्टेशन को 4-स्टार ईट राइट स्टेशन का दर्जा मिला
• हाल ही में भारतीय रेलवे के भोपाल रेलवे स्टेशन को यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए '4-स्टार ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।
• ईट राइट स्टेशन प्रमाणन FSSAI द्वारा रेलवे स्टेशनों को 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान किया जाता है जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्रदान करने में मानक स्थापित करते हैं। 1 से 5 तक की रेटिंग वाली FSSAI- पैनल में शामिल तृतीय-पक्ष ऑडिट एजेंसी के निष्कर्ष के आधार इस प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है।

4. रमेश केजरीवाल अखिल भारतीय रबड़ उद्योग संघ के नए अध्यक्ष चुने गए
• रमेश केजरीवाल को अखिल भारतीय रबड़ उद्योग संघ (AIRIA) का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा शशि सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना है। केजरीवाल देश में रबर उद्योगों के लिए शीर्ष निकाय के रोड मैप को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।
• इस पद पर चुने जाने से पहले, केजरीवाल AIRIA की प्रबंध समिति के सदस्य थे और पहले पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। रमेश केजरीवाल डॉ. सावर धनानिया की जगह लेंगे और एसोसिएशन के पिछले दो पूर्ववर्ती अध्यक्षों द्वारा बनाए गए रोड मैप को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

5. ताशीगंग बना दुनिया का सबसे ऊँचा मतदान केंद्र
• हिमाचल प्रदेश का ताशीगंग दुनिया में सबसे ऊंचाई पर अवस्थित मतदान केंद्र है। यह 4,650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह लाहौल-स्पीति जिले में स्थित एक सुदूर गाँव है जो मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ताशीगंग मतदान केंद्र को वर्ष 2019 में स्थापित किया गया थायहाँ के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वर्ष 2022 के मंडी लोकसभा उपचुनाव में इस मतदान केंद्र पर शत-प्रतिशत हुआ था।

6. वीर नारी के लिए भारतीय सेना ने शुरू किया 'वीरांगना सेवा केंद्र'

Daily Current Affairs 14 November 2022

• 10 नवंबर, 2022 को भारतीय सेना ने दिल्ली कैंट स्थित भारतीय सेना के पूर्व सैनिक निदेशालय परिसर में वीर नारियों के कल्याण और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा के रूप में 'वीरांगना सेवा केंद्र' (VKS) शुरू किया है। इस पूरी परियोजना का आदर्श वाक्य 'टेकिंग केयर ऑफ योर ओन, नो मैटर व्हाट' है। यह केंद्र भारतीय सेना के वेटरन्स पोर्टल पर सेवा के रूप में उपलब्ध होगा।

7. दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन चेन्नई और मैसूर के बीच चलाई जाएगी
• 11 नवंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। दक्षिण भारत की यह ट्रेन चेन्नई और मैसूर के बीच चलाई जाएगी। इससे पहले देश में चार वंदे भारत की शुरुआत हो चुकी है। इस ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, इसमें से 14 चेयर कार और 2 एक्जीक्यूटिव चेयर कार के कोच लगेंगे।
• इस ट्रेन का निर्माण तमिलनाडु के चेन्नई स्थित आईसीएफ मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में किया गया है। इससे दक्षिण भारत के बीच बड़े शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी।

8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 108 फीट ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी' का किया अनावरण
• 11 नवंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में बेंगलुरु के संस्थापक नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी' का अनावरण किया। इसे शहर के विकास में केम्पेगौड़ा के योगदान की स्मृति में बनाया गया है।
• कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री अश्वत्नारायण ने कहा कि दुनिया के किसी अन्य हवाई अड्डे में इसके संस्थापक की इतनी ऊंची प्रतिमा नहीं है। इस प्रतिमा की ऊंचाई को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है। केम्पेगौड़ा की मूर्ति और 23 एकड़ के पार्क को लगभग 84 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

9. झारखंड में अब सरकारी नौकरी में 77% आरक्षण, विधेयक हुआ पारित
• 11 नवंबर, 2022 को झारखंड विधानसभा ने विभिन्न श्रेणियों को दिए जाने वाले कुल आरक्षण को बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने के लिए एक विधेयक पारित किया है। विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड पदों और सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन पारित करके एससी, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर तबके (ईडब्लयूएस) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ा कर 77 फीसदी कर दिया है।

10. वाराणसी में आयोजित किया जा रहा पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन
• 11-12 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जलमार्ग प्राधिकरण, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तत्वावधान में पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य जलमार्गों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने के साथ 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान' के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है।

Resultuniraj.co.in